आइआइएम रांची और एमेरॉल्ड पब्लिकेशन जारी करेंगे मैनेजमेंट स्टडी आधारित जर्नल

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

- प्रबंधन के सभी क्षेत्रों से जुड़ी समीक्षा और मूल शोध को प्रकाशित किया जायेगा जर्नल में
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक वर्ष में दो बार होगा प्रकाशन, जनवरी 2022 में लांच होगा पहला अंक

आइआइएम रांची यूके के पब्लिकेशन हाउस एमेराल्ड पब्लिकेशन के साथ मिलकर 'आइआइएम रांची जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडी' जारी करेगी. जर्नल में प्रबंधन के सभी क्षेत्रों से जुड़ी समीक्षा और मूल शोध को प्रकाशित किया जायेगा. इसे वर्ष में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक वर्ष में दो बार प्रकाशित किया जायेगा. जर्नल का पहला अंक जनवरी 2022 में लांच किया जायेगा. इसके लिए प्रबंधन के क्षेत्र से जुड़े शोधार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से जल्द ही पेपर की मांग की जायेगी.

इस जर्नल के प्रधान संपादक आइआइएम रांची के निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह होंगे. उन्होंने बताया कि जर्नल के माध्यम से प्रबंधन से संबंधित परिस्थितियों, अवसर, चुनौतियों और मुद्दों पर चर्चा की जायेगी. साथ ही इन विषयों पर लिखने वालों के लिए जर्नल एक बेहतर मंच साबित होगा. जर्नल का उद्देश्य प्रबंधन के क्षेत्र से जुड़े सभी वर्ग को लाभ पहुंचाने का है, न कि प्रबंधन की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों और शोधार्थियों के बीच प्रबंधन की चर्चा करना. प्रो शैलेंद्र ने बताया कि जर्नल के संपादकीय बोर्ड की टीम में प्रो जगदीश सेठ, गोरीटा बिजनेस स्कूल ऑफ एमोरी यूनिवर्सिटी यूएसए के मार्केटिंग संकाय के प्रोफेसर चार्ल्स एच केल्स्टाटेड, वर्जीनिया यूनिवर्सिटी, यूएसए के आइटी संकाय के प्रो सुप्रतीक सरकार, प्रो अम्यातोष पुरनानंदम, यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के रॉस स्कूल ऑफ बिजनेस के फाइनांस संकाय के प्रो माइकल स्टार्क और एनआइटीआइइ मुंबई के निदेशक प्रो एमके तिवारी जैसे विशेषज्ञ शामिल होंगे. इनके मार्गदर्शन में जर्नल प्रकाशित किया जायेगा.

Prabhat Khabar, 17.03.2021, Pg. 09